**न्यायालय– सिविल जज ( सी०डि० ), तृतीय, नरकटियागंज, पश्चिम चम्पारण**

बंटवारा वाद संख्या :– 16/2020

CIS No. :– PS/16/2020

**फूलमती देवी** बनाम **रामाशंकर बरई एवं अन्य**

दिनांक–21.01.2021

अभिलेख पेश हुई। पुकार करायी गयी। पुकार पर वादी एवं प्रतिवादी संख्या–3 के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित। प्रार्थना पत्र दिनांक–21.01.2021 के निस्तारण पर बल दिया गया। सुना।

<u>निस्तारण प्रार्थना पत्र दिनांक</u>–21.01.2021

प्रार्थना पत्र दिनांक–21.01.2021 वादी द्वारा इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि प्रतिवादी संख्या– 1 व 2 पर जरिये नजारत सम्मन भेजा गया है। परन्तु प्रतिवादी संख्या– 1 व 2 अभी तक अभिलेख पर उपस्थित नहीं आये हैं। प्रतिवादी संख्या–1 व 2 के विरूद्ध रजिस्ट्री सम्मन भेजने की याचना की गयी है।

अभिलेख के अवलोकन से विदित होता है कि प्रतिवादी संख्या–1 व 2 पर सम्मन का तामीला पर्याप्त नहीं है। ऐसी परिस्थिति में प्रतिवादी संख्या–1 व 2 पर जरिये सम्मन का तामिला द्वारा रजिस्ट्री किया जाना आवश्यक है। अतः वादी को आदेशित किया जाता है कि प्रतिवादी संख्या–1 व 2 पर रजिस्ट्री सम्मन की तामीला हेतु पैरवी एक सप्ताह के अन्दर करे।

अभिलेख वास्ते प्रतिवादी की उपस्थिति हेतु दिनांक–24.02.2021 को पेश हो।

अपर सिविल जज ( सी०डि० ) तृतीय
न्यायालय कक्ष–4, नरकटियागंज।